# नशा मुक्ति की दिलाई शपथ




**रूपनगढ़ @ पत्रिका.** कस्बे के महिला महाविद्यालय में नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। प्रभारी डॉ. रमेश मीना ने बताया कि आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में नशे के प्रति जागरुकता फैलाना एवं उन्हें नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने की। उन्होंने संबोधन में नशे की सामाजिक एवं मानसिक हानियों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इससे दूर रहने की प्रेरणा दी।एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी फराह ने सभी छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशा नहीं करने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई। इस दौरान डॉ. बी. एल. देवन्दा का वीडियो संदेश प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी।

राजस्थान-पत्रिका
Pg. No - 4
Date - 05/08/25

# संकाय आदान-प्रदान के तहत व्याख्यानमाला

रूपनगढ़.। स्थानीय स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय और बगरू जयपुर महिला महाविद्यालय के बीच हुए समझौते के अंतर्गत सोमवार को रूपनगढ़ में संकाय आदान-प्रदान के तहत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बगरू महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. सुनीता भार्गव ने हिन्दी साहित्य का इतिहास विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ. भार्गव ने हिन्दी साहित्य की विभिन्न धाराओं का परिचय कराया। व्याख्यान के दौरान डॉ. भार्गव ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। प्राचार्या डॉ. कोमल पारीक ने आभार जताया।



दैनिक नवज्योति

Date - 26/08/25

Pg. No. ②

# विवेकानंद कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विशेष



शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमाला पारीक और प्रभारी रमेश मीणा ने दीप प्रज्वलन करके किया। उद्घाटन सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने एनएसएस के लक्ष्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व को बताते हुए हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के खेल जीवन और उनके योगदान का स्मरण किया। तदनन्तर छात्राओं को योग एवं प्राणायाम करवाए गए तथा फिट इंडिया शपथ दिलाई गई। दूसरे सत्र में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें राजकीय महाविद्यालय रूपनगढ़ के प्राचार्य डॉ. रामनिवास चौधरी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। तीसरे सत्र में छात्राओं एवं स्वयंसेविकाओं के लिए दौड़, रिले दौड़, फुटबॉल, बैडमिंटन, कैरम और शतरंज आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

दैनिक नवज्योति

Date - 30 August 2025

Pg. No. - 8



रूपनगढ़ के डॉक्टर देवंदा को सम्मानित करते हुए समरसता मंच।

# डॉ. देवन्दा को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

**रूपनगढ़**। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय के सचिव डॉक्टर बीएल देवंदा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की पूर्व संध्या पर अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा जयपुर के रोटरी क्लब सभागार में आयोजित शिक्षक सम्मेलन एवं विचार प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम में डॉ. बीएल देवन्दा को शिक्षक रत्न अवार्ड - 2025 से सम्मानित किया गया। समारोह के अतिथि डॉ. जितेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि केश कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक, पूर्व मुख्य सचिव डॉ निरंजन आर्य, डॉ. हुकुम चंद गणेसिया, एडवोकेट एके सिंह व डॉ.कुलदीप शर्मा थे। कार्यक्रम संयोजक कुलदीप शर्मा ने बताया कि भारत की शक्ति, प्रतिष्ठा व पंचशील सिद्धांत को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने के प्रयास में तथा वसुदेव कुटुंबकम, विश्व बंधुत्व के लिए समरसता कार्य योजना को नैतिक समर्थन करने वाले डॉ. बीएल देवन्दा को शिक्षक रत्न अवार्ड-2025 से नवाजा गया। डॉ. देवन्दा की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की।

दैनिक नवज्योति
दिनांक - 9 सितम्बर 2025
Pg. No. - 8

# महिला महाविद्यालय में हिंदी दिवस

रूपनगढ़। राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता



आश्वासन प्रकोष्ठ एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने कहा कि हिन्दी केवल भाषा नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान का प्रतीक है। छात्राओं ने कविता-पाठ, भाषण, गीत तथा नाट्य मंचन आदि प्रस्तुतियां दी। छात्राओं ने हिन्दी की वैश्विक स्थिति, डिजिटल युग में हिन्दी का भविष्य और हिंदी हमारी अस्मिता जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। अभिलाषा जोशी, शिवानी शर्मा एवं मनीषा मेघवाल ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम प्रभारी रमेश मीणा ने आभार जताया। मंच संचालन राजनीति विज्ञान व्याख्याता फराह ने किया।

दैनिक नवज्योति
Pg. No. - 4
Date - 14/09/25

# रूपनगढ़ में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ



रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ का दृश्य।

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में \'स्वच्छता ही सेवा अभियान\' का शुभारंभ किया गया । इस वर्ष स्वच्छता पखवाड़े की थीम \'स्वच्छ उत्सव\' रखी गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. कोमल पारीक के उद्बोधन से हुआ। डॉ. रानू वार्ष्णेय ने बताया कि इस पखवाड़े के अंतर्गत नारा लेखन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा एकत्रीकरण, स्वच्छता रैली तथा श्रमदान जैसी विविध गतिविधियां होंगी। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने कॉलेज में श्रमदान गतिविधियों के अंतर्गत पेड़-पौधों की क्यारियों का निर्माण किया तथा व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया । सभी स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक रूप से जलपान ग्रहण किया । अंत में प्रभारी रमेश मीणा ने आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर

Pg. No. - 6

DATE - 18/9/25

# रैली निकालकर स्वच्छता की जगाई अलख

**पुष्कर।** गायत्री शक्तिपीठ कन्या महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के तहत स्वच्छोत्सव, स्वच्छता ही सेवा जन जागरूकता अभियान विषय पर रैली निकाली। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विजयलक्ष्मी ने बताया कि रैली को प्राचार्य डॉ. सुरेश वैष्णव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्रा किरण सेन ने प्रथम, पूजा छीपा ने द्वितीय एवं कुसुम तुन्दवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तथा चतुर्थ व पंचम स्थान पर दीपिका फुलवारी एवं उन्नति नाथ रही। बताया कि सभी विजेता स्वयंसेविकाओं को सूरजनारायण पारीक बीएड कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया।



पुष्कर। पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेती स्वयंसेविकाएं। -नितिन पाराशर

## रूपनगढ़ में शिविर

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विकसित भारत क्विज थीम पर आधारित शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने करते हुए स्वयंसेवा की महत्ता, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका और समाज सेवा की आवश्यकता पर जोर दिया। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी फराह ने माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया को समझाया और विकसित भारत क्विज में भागीदारी की जानकारी दी। स्वयंसेविका कोमल ने एनएसएस के उद्देश्य, लक्ष्य, ध्येय वाक्य और स्वयंसेवी की मूल भावना पर प्रकाश डाला। 59 छात्राओं ने इस क्विज में सक्रिय भागीदारी की। तदनन्तर सभी स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक रूप से एनएसएस लक्ष्य गीत का गायन किया। छात्राओं और स्वयंसेविकाओं ने मिलकर सामूहिक श्रमदान करके स्वच्छता का संदेश दिया। कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा व प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने आभार जताया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेंदा और अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने कार्यक्रम को सराहा।



रूपनगढ़। विवेकानंद कॉलेज में आयोजित शिविर में मौजूद छात्राएं। -मीनाक्षी

## छात्रा डेमेरा ने जीता कांस्य




**पुष्कर।** अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस योगासन सिटी लीग 2025 के तहत अजमेर में आयोजित सब-जूनियर वर्ग के पारंपरिक योगासन स्पर्धा में जेएमएस द स्कूल की छात्रा डेमेरा पाराशर ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और पुष्कर का नाम रोशन किया। स्कूल के निर्देशक अरविंद सरवाड़िया ने बताया कि प्रतियोगिता में जेएमएस की छात्रा डेमेरा ने उपलब्धि को अपने निरंतर परिश्रम से हासिल किया। बताया कि स्कूल प्रबंधन की ओर से छात्रा एवं योग शिक्षिका प्रिया राजावत को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

दैनिक नवज्योति
पेज नं. - 10
दिनांक - 25/9/25

का धन्यवाद दिया।

# छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली



रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सोमवार को स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी फराह के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय व प्रभारी रमेश मीणा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवेंदा और अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने वीडियो संदेश के माध्यम से रैली में उपस्थित छात्राओं को स्वच्छता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। रैली को सफल बनाने में देवेंद्र चौहान एवं सभी स्टॉफ सदस्यों का योगदान रहा।

Date - 30/09/25 दैनिक नवज्योति

Pg No. - 12

# शिविर में उत्साह से किया रक्तदान

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में बुधवार को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती एवं विद्यार्थी दिवस के अवसर पर रक्तदान



शिविर का आयोजन शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवेंदा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर, कृष्णा हॉस्पिटल के डॉ. सुरेश ने फीता काटकर किया। उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने रक्तदान को जीवनदान बताते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित किया। एनएसएस प्रभारी फराह और महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने कहा कि विद्यार्थियों में सेवा-भाव और सहयोग की भावना विकसित करने के लिए इस प्रकार के शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं, अन्य ग्रामीणजनों एवं महिलाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर के ब्लड बैंक टीम ने रक्तसंग्रहित किया। कार्यक्रम में डॉ. रानू वार्ष्णेय, महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा एवं समस्त स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

दैनिक नवज्योति
दिनांक - 16/10/25
पेज नं० - 6

# कॉलेज छात्राओं ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग कार्यप्रणाली की जानकारी ली



रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं का ज्ञानवर्धन एवं व्यवहारिक शिक्षा के उद्देश्य से ग्रीन टेक मेगा फूड पार्क का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि भ्रमण के दौरान छात्राओं को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया, पैकेजिंग तकनीक, कोल्ड स्टोरेज सिस्टम, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला तथा आधुनिक मशीनरी के संचालन की जानकारी दी गई। फूड पार्क के अधिकारियों एवं तकनीकी, विशेषज्ञों ने छात्राओं को विभिन्न चरणों में खाद्य उत्पाद तैयार करने की प्रक्रिया से अवगत कराया। छात्राओं ने औद्योगिक विशेषज्ञों से संवाद करते हुए अनेक जिज्ञासाएं प्रकट की। वहीं खाद्य सुरक्षा, रोजगार के अवसर और महिला उद्यमिता से संबंधित विषयों पर भी जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं में व्यवहारिक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को प्रोत्साहित करते हैं।

# स्वस्थ रहने का मूल मंत्र पौष्टिक आहार

दैनिक भास्कर
Date - 17/10/25
Pg No. - 7





स्मारक, राजकीय अस्पताल और हनुमान चौक होते हुए पुनः पटेल उद्यान पर समाप्त हुई।

**रूपनगढ़।** नगर में शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी सत्यवान सिंह मीणा के निर्देशन में पुलिसकर्मियों और नागरिकों ने पुलिस थाने से लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय तक दौड़ लगाई। मैराथन धावकों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर थाना परिसर में पौधरोपण कर राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ ली। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक बनवारी लाल बिश्नोई, दीवान नारायण सिंह, जेठू सिंह, इमरान खान, आसूचना अधिकारी मोहन राम, दयाराम, राजेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष रणजीत सामरिया आदि मौजूद थे।

## कॉलेज में रेजिन आर्ट

नलाल कंवरलाल पाटनी गर्ल्स कॉलेज



में वनस्पति विज्ञान विभाग एवं साइंस, नेचर एंड वाइल्ड लाइफ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रेजिन आर्ट गतिविधि का ज प्रबन्ध समिति के निदेशक एवं सचिव आयोजन छात्राओं में कौशल, नवाचार हैं। यह उनके व्यक्तित्व विकास और कदम है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते नी ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विकसित करती हैं, बल्कि स्वरोजगार ी एक सशक्त कदम हैं। कार्यक्रम की यक्ष गीता पालीवाल तथा सह-संयोजक रहीं। इस दौरान विज्ञान संकाय के सभी ियों ने रेजिन आर्ट के माध्यम से प्रकृति क ढंग से प्रस्तुत किया।

## सरदार पटेल के सिद्धांतों पर चलने पर जोर

**मदनगंज-किशनगढ़।** बांदरसिंदरी स्थित राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। सीयूआर के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने कहा कि लौह पुरुष पटेल केवल किंवदंती नहीं बल्कि कर्म की प्रतिमा थे। उन्होंने 562 रियासतों को जोड़कर भारत को एक सूत्र में पिरोया था। सरदार पटेल ने कहा था कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने का स्थान नहीं है, यह राष्ट्रनिर्माण का कारखाना है। यही हमारे सीयूआर में है। उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव अमरदीप शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी अनुराधा मित्तल ने किया। इधर, राष्ट्रीय एकता दिवस पर सीयूआर परिसर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ालेराव ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को फ्लैग ऑफ किया।

**आरके पाटनी कॉलेजः** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सिटी रोड स्थित आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. जेपी शुक्ला ने पटेल के जीवन, उनके अद्वितीय व्यक्तित्व एवं राष्ट्रीय एकता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ महेंद्र वर्मा, अब्दुल रशीद सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद थे।

तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को स्मरण किया गया। छात्राओं ने एकता की प्रतीक मानव शृंखला रंगोली, मतदान के दिन दिव्यांग जन का विशेष ध्यान रखने की शपथ ली। प्राचार्य डा. अनिता खुराना ने छात्राओं को निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई।

इसी प्रकार श्री गोविंद सिंह गुर्जर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस प्राचार्य डॉक्टर सोनाली गोयल के नेतृत्व में मनाया गया। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई गई तथा ईएलसी प्रभारी संजय कनौजिया द्वारा विद्यार्थियों की मानव शृंखला बनवाकर निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉक्टर रंजना अग्रवाल ने राष्ट्र की एकता में सरदार पटेल की भूमिका पर व्याख्यान दिया।

## विवेकानंद महिला महाविद्यालय

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस इकाई एवं आईक्यूएसी बैनर तले राष्ट्रीय एकता दिवस पर अनेक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों द्वारा पटेल के चित्रपट पर माल्यार्पण करके किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में छात्रा अभिलाषा जोशी ने सरदार पटेल के जीवन, उनके योगदान और एकता के संदेश पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सरदार पटेल-एक नेता, विजेता और प्रेरक विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्राओं ने माय भारत पोर्टल पर सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर आधारित ऑनलाइन क्विज में भाग लिया और डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त किए। समापन पर महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आभार जताया।

दैनिक नवज्योति
Date - 1/11/25
Pg. No. - 16

# संविधान की मूल भावना के बारे में दी जानकारी

**रूपनगढ़|** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में सोमवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत एनएसएस इकाई के तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ की गई। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को संविधान की मूल भावना एवं उसके आदर्शों से परिचित कराया गया। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान मात्र कुछ अनुच्छेदों का समूह नहीं है, बल्कि यह देश की आत्मा और राष्ट्र निर्माण का आधार है। अगले चरण में एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी फराह के निर्देशन में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के विभिन्न राउंड में संविधान सभा, मौलिक कर्तव्य, मौलिक अधिकार, नीति निर्देशक तत्व तथा संविधान से संबंधित विषयों पर प्रश्न पूछे गए । प्रतियोगिता में चार टीमों—ए, बी, सी और डी—को सम्मिलित किया गया, जिनमें टीम ''ए'' विजेता घोषित हुई। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया | जिसका विषय "डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों



और सिद्धांतों का स्वतंत्रता के बाद व्यावहारिक क्रियान्वयन" था। प्रतिभागी छात्राओं ने अत्यंत प्रभावी ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे डॉ. अंबेडकर की दूरदर्शी सोच और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को समझने का अवसर मिला। कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा ने आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर
Date – 27/11/25
Pg No. – 4

# कौशल विकास को सशक्त बनाने के लिए छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में कॅरिअर एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं को रोजगार क्षमता उन्नयन प्रशिक्षण (एम्प्लायबिलिटी एनहेंसमेंट ट्रेनिंग) कार्यक्रम का संचालन किया गया। यह प्रशिक्षण 18 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित रहा । प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने बताया कि इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्देश्य छात्राओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाना है ।

प्रशिक्षण में संप्रेषण कौशल, वित्तीय प्रबंधन, समय प्रबंधन एवं डिजिटल साक्षरता, एआई का आधारभूत परिचय आदि विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। छात्राओं को व्यक्तित्व विकास, साक्षात्कार की तैयारी, परिचय पत्र लेखन, समूह चर्चा पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। संचालन सेंटम फाउंडेशन के "काबिल प्रोजेक्ट " के अंतर्गत कुशल प्रशिक्षकों डॉ सोनाली श्रीवास्तव, मनीष वर्मा, विक्की कुमावत ने किया। विशेषज्ञों ने छात्राओं को वास्तविक उद्योग संबंधी अनुभवों के आधार पर रोजगार बाजार की आवश्यकताओं, व्यवसाय के अवसरों, व्यवहारिक कौशलों तथा भविष्य की करियर संभावनाओं से अवगत कराया। इससे पहले उद्घाटन सत्र में कॉलेज सचिव डॉ बी एल देवेंदा और अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने कहा कि वर्तमान युग में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व, संचार क्षमता और तकनीकी दक्षता रोजगार प्राप्ति की कुंजी है। प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रमेश मीणा ने आभार व्यक्त किया।



रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में कौशल विकास हेतु "रोजगार क्षमता उन्नयन प्रशिक्षण" का आयोजन हुआ।

दैनिक भास्कर
Date - 04/12/25
Pg.No - 5

# संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूक और समय पर स्वास्थ्य जांच कराना आवश्यक

रूपनगढ़|स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को कैंसर तथा जीवन शैली से संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूक करना और समय पर स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता को समझाना था। कार्यक्रम में समर्पित कैंसर हॉस्पिटल, अजमेर के प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. अर्पित जैन और डॉ. घनश्याम ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। दोनों डॉक्टरों ने छात्राओं को कैंसर के विभिन्न प्रकार, प्रमुख कारण, लक्षण, रोकथाम और स्वस्थ जीवन शैली की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान दी। डॉ. अर्पित जैन ने कहा कि आज की तेज जीवन शैली, गलत खानपान और शारीरिक गतिविधि में कमी के कारण कैंसर सहित कई बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और तनाव प्रबंधन को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। डॉ. घनश्याम ने कैंसर एवं मुख कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए प्रारंभिक लक्षणों की पहचान और समय पर इलाज की उपयोगिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जागरुकता ही रोकथाम का सबसे प्रभावी साधन है। कॉलेज प्रबंधन ने दोनों डॉक्टरों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य संरक्षण और बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है।



दैनिक भास्कर

Pg. No. – 8

Date – 06/12/25

# छात्राओं को मैनेजमेंट शिक्षा और कॅरिअर संभावनाओं के बारे में दी गई जानकारी

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को कॅरिअर सलाह एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं के लिए कॅरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उच्च शिक्षा तथा कॅरिअर के विविध अवसरों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने छात्राओं के भविष्य निर्माण में ऐसे कार्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर पोद्दार ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन, जयपुर के सुमित अग्रवाल एवं अविनाश दीक्षित ने छात्राओं को मैनेजमेंट शिक्षा, इस क्षेत्र में उपलब्ध कॅरिअर संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने प्रबंधन क्षेत्र में आवश्यक कौशल जैसे नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, निर्णय क्षमता, संचार कौशल एवं समस्या समाधान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को भविष्य की बढ़ती प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।



दोनों विशेषज्ञों ने विभिन्न इंटरएक्टिव गतिविधियां आयोजित की। उनके माध्यम से छात्राओं के अंदर निहित कौशलों की पहचान की गई। कॉलेज सचिव डॉ. बी. एल. देवेंदा तथा महाविद्यालय अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने छात्राओं को अपने सपनों को साकार करने हेतु शिक्षा और कौशल विकास के महत्त्व पर बल दिया। व्याख्याता फराह ने वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि काउंसलिंग सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा।

दैनिक भास्कर

Pg. No - 4

Date - 13/12/25

## आचार्य महाश्रमण का रूपनगढ़ में मंगल प्रवेश

# 'आत्मशुद्धि, संयम और सदाचार से ही सिद्ध होती जीवन की सार्थकता'

धर्म-कर्म

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रूपनगढ़. कस्बे के राई का बाग स्थित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय परिसर में रविवार को आयोजित आचार्य महाश्रमण की धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालु। पत्रिका

**रूपनगढ़.** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सम्प्रदाय के ग्यारहवें आचार्य महाश्रमण का रविवार को अपनी धवल सेना के साथ रूपनगढ़ में मंगल प्रवेश हुआ। नगर में उनके आगमन पर श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने जयघोष और जय-जयकार के साथ आचार्यश्री का नमन-वंदन एवं अभिनंदन किया। पूर्वाह्न 11 बजे आचार्य महाश्रमण अपने संघ के साथ नगर पहुंचे। नगर सीमा से पहले विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने उनकी अगवानी की।

आचार्य महाश्रमण का रूपनगढ़ में यह दूसरा प्रवास है। मंगल प्रवेश के उपरांत राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सभागार में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्यश्री ने कहा कि समाज में ईमानदारी की अपेक्षा सभी से की जाती है। यदि सौ प्रतिशत ईमानदारी संभव न हो तो कम से कम 80 या 90 प्रतिशत ईमानदार होना अनिवार्य है। बेईमानी, चोरी और लूट का मार्ग व्यक्ति को नरक समान जीवन की ओर ले जाता है और ऐसे कर्मों का दुष्परिणाम अगले जन्म तक भोगना पड़ता है। आचार्यश्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि पूर्वकाल में अमात्य इतने कर्तव्यनिष्ठ होते थे कि निजी कार्य के लिए सरकारी तेल का दीपक तक नहीं जलाते थे। ऐसे आदर्श आचरण से समाज में सकारात्मक प्रेरणा मिलती थी और लोग, यहां तक कि अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति भी, सत्कार्यों की ओर अग्रसर होते थे।



रूपनगढ़. स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय परिसर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते आचार्य महाश्रमण। पत्रिका

उन्होंने कहा कि मानव जीवन का लक्ष्य मोक्ष होना चाहिए। जब तक जीवन का उद्देश्य मोक्ष से नहीं जुड़ता, तब तक पुनः पुनः जन्म और मरण का चक्र चलता रहता है। आत्मशुद्धि, संयम और सदाचार से ही जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है। इससे पूर्व आचार्यश्री के स्वागत में सकल ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पुरुषोत्तम खंडेलवाल, सुमेर सिंह चंदेल, डॉ. बी.एल. देवंदा, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष मुकेश मोदानी, कोषाध्यक्ष चेतन भैंसा सहित अनेक सामाजिक, व्यापारिक व शैक्षणिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी और नगरवासी उपस्थित रहे।

## मार्ग बदला

नगर सीमा के समीप भक्तों के आग्रह पर आचार्यश्री ने प्रमुख मार्ग को बदलते हुए पुराने बस स्टैंड होते हुए गंतव्य तक पैदल विहार किया, ताकि अधिकाधिक श्रद्धालु दर्शन और स्वागत कर सकें।

## बाना ने जीता दिल

दर्शन के दौरान रामदीन बाना ने मारवाड़ की प्राचीन परंपरा के अनुसार अपना साफा उतारकर दोनों हाथों से आचार्यश्री के चरणों की ओर बढ़ाया। इस विनम्र भाव से अभिभूत होकर आचार्यश्री कुछ पल रुके व मुस्कराते हुए आशीर्वाद दिया। इस दृश्य ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

राजस्थान पत्रिका 12/01/26

Pg. No. - 2

# स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाएं युवा

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने स्वयंसेविकाओं से श्रमदान, रचनात्मक गतिविधियों एवं सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों में सहभागिता करने पर जोर दिया। स्वयंसेविका कोमल कुमावत एवं ज्योति कुमावत ने एनएसएस का महत्व बताया। निर्मला लोधी ने ध्यान का अभ्यास कराया। डॉ. शकुंतला पारीक ने 'तनाव प्रबंधन' विषय पर मार्गदर्शन किया। इसके बाद श्रमदान किया गया। अंतिम सत्र में एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता हुई। स्वयंसेविकाओं ने भोजन बनाकर सामूहिक भोज किया। इस अवसर पर डॉ रानू वार्ष्णेय, रमेश मीणा, सचिव डॉ. बी. एल. देवेन्दा एवं अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर मौजूद थे।



रूपनगढ़ में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सात दिवसीय विशेष शिविर के शुभारंभ पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थी।

दैनिक भास्कर

14/01/26

Pg. No. ④

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाया दम



[illegible]। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय युवा सप्ताह और राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तहत श्रमदान गतिविधियां, सहज योग एवं मेडिटेशन पर व्याख्यान तथा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रथम सत्र में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान पर आधारित लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया वहीं एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया। दूसरे सत्र में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शीला दीदी एवं भाई हरदयाल ने स्वयंसेविकाओं एवं महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को सहज योग एवं मेडिटेशन का अभ्यास करवाया। तृतीय सत्र में भार संतुलन रेस, बैग रेस, लंबी कूद, चम्मच-कंचा रेस एवं थ्री-लेग रेस प्रमुख रहीं। चतुर्थ सत्र में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्त भारत एवं स्वच्छ भारत अभियान जैसे विषयों पर क्षेत्र में जागरुकता प्रसार कार्य किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय, रमेश मीणा सहित समस्त व्याख्यातागण एवं स्वयंसेविकाएं मौजूद थी।

दैनिक नवज्योति
14/01/26
Pg. No. (5)

# सहज योग व ध्यान का कराया अभ्यास

**रूपनगढ़ @ पत्रिका**. स्थानीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय युवा सप्ताह और राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तहत श्रमदान गतिविधियां, सहज योग एवं मेडिटेशन पर व्याख्यान तथा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रथम सत्र में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान पर आधारित लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया। स्वयंसेविकाओं ने "श्रम ही सेवा है" के उद्देश्य को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य को साकार किया। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया। दूसरे सत्र में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शीला दीदी एवं भाई हरदयाल ने स्वयंसेविकाओं एवं महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को सहज योग एवं मेडिटेशन का अभ्यास करवाया। तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं के मध्य विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। चतुर्थ सत्र में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्त भारत एवं स्वच्छ भारत अभियान जैसे विषयों पर जागरुकता प्रसार कार्य किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय, रमेश मीणा सहित व्याख्याता एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

राजस्थान पत्रिका
14/01/26
Pg. No. 3

# विवेकानंद कॉलेज में दी स्वास्थ्य की जानकारी



रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह में छात्र-छात्राओं को शुक्रवार को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस के लक्ष्य गीत का सामूहिक गायन किया। स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तदनंतर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शीला दीदी ने स्वयंसेविकाओं को राजयोग एवं मेडिटेशन का अभ्यास कराया। शीला दीदी ने बताया कि राजयोग एवं ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण पा सकता है तथा एकाग्रचित्त होकर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता अर्जित कर सकता है। राजकीय चिकित्सालय के डॉ. राजेश बागड़ा ने हार्ट-अटैक की स्थिति में प्राथमिक उपचार हेतु सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने छात्राओं को सीपीआर की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझाया। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी फराह के निर्देशन में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने प्राचार्य डॉ कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय, सभी स्वयंसेविकाएं, छात्राएं एवं महाविद्यालय स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक नवज्योति - (17/01/26)

Pg. No. - 12

# शिविर में सीपीआर के बारे में दिया प्रशिक्षण

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवे दिन का शुभारंभ स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस के लक्ष्य गीत के सामूहिक गान से किया। राजकीय चिकित्सालय, रूपनगढ़ से आए डॉ. राजेश बागड़ा ने हार्ट-अटैक की स्थिति में प्राथमिक उपचार के लिए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा, प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय मौजूद थे।

दैनिक भास्कर (17/01/26)
Pg. No. - 5



# राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। शैक्षिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक एवं डॉ. रानू वार्ष्णेय द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। छात्राओं ने गीत रघुपति राघव राजा राम का सामूहिक गायन किया। तदनंतर मेरे सपनों का भारत विषय पर लेखन प्रतियोगिता हुई। एनएसएस प्रभारी फराह ने सात दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आईं शीला दीदी व भाई हरदयाल ने राजयोग-मेडिटेशन सत्र का समापन कराया। समारोह में सचिव डॉ. बीएल देवेंदा एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने युवाओं की भूमिका पर प्रेरक विचार रखे। अंत में प्रभारी रमेश मीणा ने अतिथियों का सम्मान व आभार व्यक्त किया।

दैनिक नवज्योति

20/01/26

Pg. No. — 12

# कर्तव्य बोध दिवस मनाया



मदनगंज-किशनगढ़। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा किशनगढ़ की ओर से कर्तव्य बोध पखवाड़े के तहत स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में कर्तव्य बोध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश पर्यवेक्षक भूपेंद्र उबाना, जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह नरूका रहे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय संचालक रमेश मीणा मौजूद रहे। कार्यक्रम उपशाखा अध्यक्ष चेतनप्रकाश व्यास की सदारत में आयोजित हुआ। उपशाखा अध्यक्ष व्यास ने वर्षपर्यन्त संगठन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। जिलाध्यक्ष नरूका ने स्वामी विवेकानंद व सुभाषचंद्र बोस की जीवनी से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को महापुरुषों की जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, नरेंद्र सोनी, रतनलाल माली, रविकांत शर्मा, रणजीत जाट, गणेशराम जाट, सुरेश बराला, भीमसिंह गहलोत, हरिओम पारीक, नरेंद्र वैष्णव, उर्मिला शर्मा, राजश्री शर्मा, चित्रा स्वामी, प्रीति शर्मा, मनविंदर कौर, दिलखुश बाज्या, मीनाक्षी टेलर, सुरेंद्रसिंह, चेतनप्रकाश, शिवचरण मौर्य, किशनलाल, रामेश्वरलाल, सुरेंद्रसिंह, विश्राम चौधरी सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

दैनिक नवज्योति

Date - 23/01/26

Pg No. 8

# गणतंत्र दिवस समारोह मनाया




**भास्कर न्यूज** | रूपनगढ़

रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में कॉलेज सचिव डॉ. बीएल देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय एवं रमेश मीणा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन हुआ। समारोह में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी फराह ने भारतीय संविधान के महत्व, नागरिक कर्तव्यों एवं युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को 'वंदे मातरम् पोर्टल' से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति के नारों एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

दैनिक भास्कर
Date - 28/01/26
Pg. No. - 6

# छात्राओं ने माय भारत बजट क्वेस्ट ऑनलाइन क्विज में की सहभागिता

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को माय भारत पोर्टल के अंतर्गत माय भारत बजट क्वेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने मोबाइल फोन के माध्यम से पोर्टल पर पंजीकरण कर केंद्रीय बजट से संबंधित ऑनलाइन क्विज में सहभागिता की। इसके बाद सभी ने डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त किये।

कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि प्रतियोगिता बहु-चरणीय सहभागिता पूर्ण प्रारूप में आयोजित की जा रही है। इसकी शुरुआत राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज से होती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन राज्य व केंद्र स्तर पर आयोजित निबंध चरण के लिए किया जाएगा। जहां वे केंद्रीय बजट 2026 के प्रमुख विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। अंतिम चरण में चयनित युवा प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद का अवसर मिलेगा। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी फराह ने छात्राओं को माय भारत पोर्टल की विशेषताओं, पंजीकरण प्रक्रिया तथा क्विज के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक एवं प्रभारी रमेश मीणा ने कहा .. इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में आर्थिक जागरूकता, विश्लेषण क्षमता और राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करती हैं।



दैनिक भास्कर
Pg. No - 4
Date - 21 फरवरी 2026

# रबी फसल के अध्ययन के लिए फील्ड सर्वे किया

**रूपनगढ़।** रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में बुधवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) के अंतर्गत भूगोल विषय की छात्राओं ने रूपनगढ़ क्षेत्र में रबी फसल प्रतिरूप के अध्ययन के लिए भौगोलिक फील्ड सर्वे की। सर्वे भूगोल सहायक आचार्य प्रियंका और प्रयोगशाला सहायक निर्मला लोधी के निर्देशन में हुई। सर्वे के दौरान छात्राओं ने क्षेत्र के खेतों में किसानों से बातकर गेहूं, सरसों, चना और जौ जैसी प्रमुख रबी फसलों का उत्पादन, सिंचाई के साधनों, उर्वरकों के उपयोग और कृषि संबंधी समस्याओं की जानकारी एकत्रित की। इसमें जल स्तर में गिरावट और बाजार में उचित मूल्य न मिलने की समस्या प्रमुख रूप से सामने आई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कोमल पारीक और प्रभारी रमेश मीणा ने संबोधित किया।



दैनिक भास्कर

Date - 26/02/26

Pg. No. - 4

# होली प्रेम-भाईचारे का पर्व



रूपनगढ़| स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में होली पर्व के उपलक्ष्य पर शनिवार को फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक एवं महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर फाग महोत्सव की शुरुआत की। फराह ने पर्यावरण संरक्षण की अपील करते हुए सभी से आग्रह किया कि वे रासायनिक रंगों से दूर रहकर केवल फूलों, प्राकृतिक रंगों एवं हर्बल गुलाल से ही होली खेलें, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों सुरक्षित रहें। छात्राओं ने 'होली खेले रघुवीरा" जैसे पारंपरिक फाग गीतों पर नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

दैनिक भास्कर

Date - 01/03/26

Pg No. - (4)

# ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए

**रूपनगढ़** | रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय एकदिवसीय शिविर तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़े के अंतर्गत छात्राओं के लिए जयपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा "साइबर सेफ्टी एवं नवीन न्याय संहिता" विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए समुचित व्यवस्था की गई।



कार्यक्रम में छात्राओं को महिला अधिकारों, महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों, नवीन न्याय संहिता तथा साइबर सुरक्षा के विषय में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने साइबर बुलीइंग, केवाईसी स्कैम, एपीके फाइल स्कैम, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड, डीप फेक क्राइम और फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल जैसे बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए। इस दौरान एडीजे लता कुमारी ने राज कॉप सिटिजन एप का लाइव डेमो प्रस्तुत कर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए" का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी सुश्री फराह ने छात्राओं को डिजिटल युग में जागरुक और सतर्क रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने ऐसे कार्यक्रमों को छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताया, जबकि महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने नई कानून संहिता के प्रति जागरूकता पर अपने विचार व्यक्त किए। अंत में छात्राओं द्वारा श्रमदान किया गया।

दैनिक भास्कर

Date - 13/03/26

Pg. No. - (19)

# राजस्थान दिवस: प्रतियोगिताओं में विजेता सम्मानित

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में राजस्थान दिवस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत निबंध, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने भाग लिया। इसी अवसर पर "राजस्थान जानो" विषय पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। ऑनलाइन



क्विज में छात्राओं एवं महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भाग लेकर 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए तथा डिजिटल प्रमाण पत्र हासिल किए। ऑफलाइन क्विज का संचालन एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी फराह ने किया। इसमें राजस्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी जानकारी और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय एवं प्रभारी रमेश मीणा ने विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

दैनिक भास्कर

Date - 19/03/26

Pg. No. 8

दैनिक भास्कर

# छात्राओं ने क्विज के माध्यम से जाना संविधान का महत्व

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में आईक्यूएसी के अंतर्गत व एनएसएस इकाई के तत्वाधान में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं को भारतीय संविधान के महत्व एवं उसकी मूल भावना से अवगत कराने के लिए "संविधान को जानो" क्विज प्रतियोगिता की जानकारी दी। यह "संविधान को जानो" क्विज एक ऑनलाइन प्रतियोगिता थी, जिसका आयोजन आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार छात्राओं के मध्य कराया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सफलतापूर्वक क्विज पूर्ण करने पर डिजिटल सर्टिफिकेट भी प्राप्त किए। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने डॉ. अंबेडकर के जीवन परिचय को प्रस्तुत किया। उन्होंने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और संविधान के मूल्यों का सम्मान करने हेतु प्रेरित किया। कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा ने सामाजिक समानता, शिक्षा के महत्व के बारे में बताया।

दैनिक भास्कर

Date - 14/04/26

Pg. NO. - (5)